### आपको अधिकार है:

- अपने अधिकारों के बारे में जानकारी प्राप्त करने और अपने प्रश्नों के उत्तर लेने का
- अस्पताल में भर्ती होने के बाद शारीरिक जाँच का
- मनोचिकित्सक के साथ एक साक्षात्कार का
- किसी व्यक्ति को नामित करने का
- इलाज, समर्थन और छुट्टी की योजना का
- लोगों से डाक, फ़ोन या इलेक्ट्रॉनिक माध्यम द्वारा संपर्क करने का और आगंतुकों से मिलने का (यह अधिकार प्रतिबंधित किया जा सकता है)
- गुप्तता और गोपनीयता का
- अपने मेडिकल रिकॉर्ड की पहुँच का (यह अधिकार प्रतिबंधित किया जा सकता है)
- अस्पताल में रहते समय अपनी निजी संपत्ति को सुरक्षित रूप से रखने का
- अन्य मनोचिकित्सक से और राय लेने का - आप अपने मनोचिकित्सक या मुख्य मनोचिकित्सक (फ़ो: 4462 08 9222) से इसकी व्यवस्था करने के लिए पूछ सकते हैं,
- मानसिक स्वास्थ्य पक्ष-समर्थन सेवा (मेन्टल हैल्थ एडवोकेसी सर्विस) की पहुँच का (फ़ो: 1800 999 057)। मानसिक स्वास्थ्य अधिवक्ता आप के अनैच्छिक रोगी बनने के 7 दिनों (बच्चों के लिए 24 घंटे) के भीतर स्वयं आपसे संपर्क करेंगे
- अपनी मानसिक स्वास्थ्य सेवा या स्वास्थ्य और विकलांगता सेवा शिकायत कार्यालय (हैल्थ एंड डिसेबिलिटी सर्विसिस् कम्पलेंट्स आफ़िस) (एचएडीएससीओ) को शिकायत करने का (फ़ो: 1800 813 583)
- मानसिक स्वास्थ्य ट्रिब्यूनल द्वारा अपने मामले की समीक्षा किए जाने का (फ़ो: 08 6145 3900)। ट्रिब्यूनल आपके अनैच्छिक रोगी बनने के 5 सप्ताहों (बच्चों के लिए 10 दिन) के भीतर सुनवाई का कार्यक्रम रखेगा।

### अतिरिक्त जानकारी

इस विवरणिका में दी गई जानकारी मानसिक स्वास्थ्य अधिनियम 2014 में निर्धारित कानूनों से संबंधित है। अधिनियम के बारे में जानकारी निम्नलिखित पुस्तिकाओं के सेट में संक्षेप से दी गई है:

- जाँच के लिए एक मनोचिकित्सक के पास भेजा जाना
- भर्ती रोगी (इनपेशेंट) उपचार आदेश
- सामुदायिक उपचार आदेश
- स्वैच्छिक रोगियों के लिए जानकारी
- मानसिक बीमारी का इलाज कराना
- निजी सहायक व्यक्तियों के लिए जानकारी
- नामित व्यक्ति: नामांकन कैसे किया जाए और इसका क्या मतलब है।

### अन्य विवरणिकाएं:

- द मेन्टल हैल्थ ट्रिब्यूनल
- द मेन्टल हैल्थ एडवोकेसी सर्विस
- द मेन्टल हैल्थ लॉ सर्विस से उपलब्ध हैं।

मानसिक स्वास्थ्य अधिनियम 2014 और अन्य संसाधनों के बारे में अधिक जानकारी के लिए मानसिक स्वास्थ्य आयोग (मेन्टल हैल्थ कमीशन) की वेबसाइट www.mhc.wa.gov.au पर जाएँ या (08) 6272 1200 पर फ़ोन करें।

This document can be made available in other languages and alternative formats on request.

Published by the Mental Health Commission (2015)

# इनपेशेंट उपचार आदेश



**भर्ती रोगी (इनपेशेंट) उपचार आदेश (फ़ार्म 6ए या 6बी) मानसिक स्वास्थ्य अधिनियम 2014 के अंतर्गत आपको अस्पताल में एक अनैच्छिक रोगी के रूप में इलाज कराने का आदेश है।**

**यह विवरणिका आपको जानकारी प्रदान करती है कि आपके क्या अधिकार हैं और आप क्या आशा कर सकते हैं यदि आप इनपेशेंट उपचार आदेश के अधीन हैं।**

## इनपेशेंट उपचार आदेश क्यों बनाया गया था?

यदि आपको इनपेशेंट उपचार आदेश के अधीन हैं (फ़ार्म 6ए या 6बी) तो यह इसलिए

क्योंकि एक मनोचिकित्सक ने आपकी जाँच की है और यह तय किया है कि:

- आपको एक मानसिक बीमारी है जिसके लिए उपचार की आवश्यकता है,
- यदि आपको उपचार नहीं मिलता है तो आप को या किसी और व्यक्ति को महत्त्वपूर्ण ख़तरा है,
- आप इतने स्वस्थ नहीं हैं कि उपचार के बारे में निर्णय ले सकें,
- इन परिस्थितियों में समुदाय में उपचार एक व्यवहार्य विकल्प नहीं है, और
- इनपेशेंट उपचार आदेश के अलावा आपको उपचार उपलब्ध कराने का कोई कम प्रतिबंधक रास्ता नहीं है।

## इनपेशेंट उपचार आदेश का आप के लिए क्या मतलब है?

इनपेशेंट उपचार आदेश का मतलब है कि::

- आपको आदेश पर नामित अस्पताल में भर्ती कराया जाएगा,
- आपको उस अस्पताल में अपनी मानसिक बीमारी के लिए उपचार प्राप्त होगा, और
- आपको तब तक अस्पताल छोड़ने की अनुमति नहीं दी जाएगी जब तक इनपेशेंट उपचार आदेश समाप्त नहीं हो जाता (या जब तक आपको छुट्टी नहीं मिलती)।

फ़ार्म 6ए और 6बी के बीच का अंतर आपको भर्ती किए जाने वाले अस्पताल के प्रकार पर है।

फ़ार्म 6बी का प्रयोग केवल तभी किया जाएगा यदि आपका शारीरिक स्वास्थ्य गंभीर ख़तरे में है और आपको ऐसे अस्पताल में रहने की ज़रूरत है जो आपकी शारीरिक हालत का इलाज कर सकता है।

## क्या आपको मिलने वाले उपचार में आपकी बात सुनी जाती है?

उपचार दिए जाने से पहले हमेशा आपकी सहमति (समझौते) के लिए पूछा जाएगा। हालांकि, अनैच्छिक रोगी होने का मतलब है कि आवश्यकता पड़ने पर आपकी सहमति के बिना भी आपका इलाज किया जा सकता है। आपको मिलने वाले उपचार के बारे में निर्णय लेते समय आपका उपचार दल आपकी इच्छाओं को ध्यान में रखेगा और आपको अपने इलाज, समर्थन और छुट्टी की योजना के विकास में भी शामिल किया जाएगा।

## क्या आपको अस्पताल छोड़ने की अनुमति दी जाती है?

यह ज़रूरी नहीं कि आप एक बंद वार्ड में समय बिताएं, लेकिन आप बिना अनुमति के अस्पताल नहीं छोड़ सकते। यदि आप छोड़ते हैं तो स्टाफ़ का एक सदस्य, परिवहन अधिकारी या पुलिस आपको वापस अस्पताल में ला सकते हैं।

आप अस्पताल से छुट्टी के लिए अपने मनोचिकित्सक से पूछ सकते हैं। अगर इससे आपके ठीक होने में मदद मिलेगी और आपका लिए अस्पताल से दूर रहना सुरक्षित है तो मनोचिकित्सक सहमत हो सकता है। उसे पहले आपके देखभालकर्ता / परिवार के साथ जाँच करनी होगी। जब आपकी छुट्टी समाप्त हो जाए तब आपको अस्पताल वापस आना होगा। अगर आप नहीं आते तो स्टाफ़ का एक सदस्य, परिवहन अधिकारी या पुलिस आपको वापस अस्पताल ले जा सकते हैं।

## इनपेशेंट उपचार आदेश कब तक चलता है?

इनपेशेंट उपचार आदेश वयस्कों के लिए 21 दिन या बच्चों के लिए 14 दिन तक चल सकता है(18 वर्ष या उम्र से कम)।

आदेश के अंतिम सप्ताह में, मनोचिकित्सक आपकी फिर से जाँच करेगा और यह फैसला करेगा कि क्या आदेश जारी रखने की ज़रूरत है। मनोचिकित्सक वयस्कों के लिए 3 महीने और बच्चों के लिए 28 दिन तक आदेश जारी रख सकता है। यह आदेश जितनी बार आवश्यक हो उतनी बार जारी रखा जा सकता है जब तक कि आप इतने स्वस्थ नहीं हो जाते कि आपको अब अस्पताल में अनैच्छिक इलाज की ज़रूरत नहीं है।

## इनपेशेंट उपचार आदेश कैसे समाप्त होता है?

किसी भी समय जब आप एक रोगी हैं, मनोचिकित्सक तय कर सकते हैं कि:

- आपको अब एक अनैच्छिक रोगी बनने की ज़रूरत नहीं है और आप या तो एक स्वैच्छिक रोगी के रूप में रह सकते हैं या अस्पताल छोड़ कर जा सकते हैं,
- आप अब सामुदायिक उपचार आदेश के अधीन समुदाय में उपचार प्राप्त कर सकते हैं।

आपको छुट्टी दे दी जानी चाहिए और छोड़ कर जाने की अनुमति दी जानी चाहिए यदि:

- आपका इनपेशेंट उपचार आदेश समाप्त हो रहा है और जारी नहीं रखा गया है, या
- मानसिक स्वास्थ्य न्यायाधिकरण (मेन्टल हैल्थ ट्रिब्यूनल) आपके मामले की समीक्षा करता है और फैसला करता है कि आपको अब अस्पताल में एक अनैच्छिक रोगी बनने की आवश्यकता नहीं।